दूर संचार विभाग में भ्रष्टाचार

4228. **श्री अनन्त राम जायसवाल** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने अगस्त, 1992 के पहले सप्ताह में दिल्ली में तैनात दूरसंचार विभाग के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, यदि हां, तो इन अधिकारियों के विरुद्ध लगाये गये आरोपों और उनसे जब्त किये गये गैर-कानूनी दस्तावेजों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दूरसचार सर्किल, मेरठ, उत्तर प्रदेश में अत्यधिक भ्रष्टाचार व्याप्त है और वहां खराब दूरभाष को ठीक करने और उसे स्थानांतरित करने तथा यहां तक कि उनके द्वारा स्वीकृत और संसद्-सदस्यों के कोटे तक के दूरभाष कनैक्शन लगाने के लिये रिश्वत मांगी और ली जाती है ;

(ग) क्या यह सच है कि शास्त्री नगर, मेरठ में "आउट आफ टर्न" श्रेणी के अन्तर्गत अप्रैल, 1992 और उसके बाद के स्वीकृत दूरभाष कनैक्शन लगाये गये है परंतु उसी श्रेणी के अंतर्गत जनवरी, 1992 अथवा उससे पूर्व स्वीकृत दूरभाष कनैक्शन छोड़ दिये गये हैं ;

(घ) मार्च, 1992 तक के शास्त्री नगर, मेरठ के लिये "आउट आफ टर्न" श्रेणी के अंतर्गत स्वीकृत कितने ऐसे कनैक्शन हैं जो 1 अगस्त, 1992 तक लगाये नहीं गये हैं ;

(ङ) क्या "आउट आफ टर्न" श्रेणी के अंतर्गत स्वीकृत दूरभाष कनैक्शनों के संबंध में वरीयता/प्रतीक्षा सूची तैयार करने और अधिसूचित करने के लिये कोई नियम/प्रक्रिया है ; और

(च) यदि हां, तो क्या शास्त्री नगर, मेरठ के लिये कोई ऐसी सूची तैयार की गई है और अधिसूचित की गई है, यदि हां, तो जनवरी से जुलाई, 1992 की अवधि में ऐसी सूची कब-कब तैयार की गई और अधिसूचित की गई ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) टेलीफोन कनैक्शनों के लिए बिना बारी की जाली मंजूरियां जारी करने के संबंध में केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने केवल एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है । उस मामले की केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच की जा रही है ।

(ख) ऐसे किसी मामले की रिपोर्ट नहीं मिली है ।

(ग) और (घ) 31 मार्च, 1992 तक बिना बारी के मंजूर किए गए टेलीफोन कनैक्शन लगा दिए गए हैं । 8 कनैक्शन, तकनीकी रूप से व्यवहार्य न होने के कारण नहीं लगाए जा सके । इन्हें जल्दी लगाने के लिए कार्रवाई की जा रही है ।

(ङ) जी नहीं । बारी आने से पहले मंजूर किए गए टेलीफोन कनेक्शन तकनीकी रूप से व्यवहार्य होने पर सामान्यतः एक महिने की अवधि के भीतर लगा दिए जाते हैं ।

(च) प्रश्न नहीं उठता ।

Expansion of Telecom Network

4229. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be peased to state:

(a) whether Government have worked out a five point strategy for expanding the telecom network during the Eighth Plan period;

(b) if so, the details thereof;

(c) the allocations made for mod ernisation of telecom network during the Eighth Plan period;

(d) the expected number Of new telephone connections likely to be issued in the country; and